प्रस्तावना

हिन्दी हमारे देश की राष्ट्र भाषा है तथा अपनी मातृभाषा में अधिक से अधिक काम करके हर भारतीय गौरव का अनुभव करता है।

प्राय: यह देखा गया है कि हम वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी गतिविधियों के लिए अंग्रेजी माध्यम का अधिक उपयोग करते हैं जबकि ऐसे कई उदाहरण हैं जिनसे स्पष्ट है कि अपनी मातृभाषा के माध्यम से किया गया कार्य, चाहे वह तकनीकी हो या गैर तकनीकी, बड़ी सरलता व प्रभावपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। जनसाधारण की भाषा में होने के कारण आम आदमी इसे आसानी से समझ व अपना सकता है जिससे समाज पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संस्थान ने जलविज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की सुविधा के लिए यह अंग्रेजी-हिन्दी-अंग्रेजी का जेबी शब्दकोष तैयार किया है ताकि हिन्दी में कार्य करना अधिक सरल हो सके।

शब्दकोष के इस संस्करण में जलविज्ञान में अधिक प्रयोग होने वाले लगभग 400 शब्दों को लिया गया है। शब्दकोष को तीन भागों जल मौसम विज्ञान, भूपृष्ठ जल विज्ञान एवं भू जलविज्ञान में बांटा गया है।

इस शब्दकोष को डा० दिव्या, वैज्ञानिक सी, श्री मनमोहन कुमार गोयल, वैज्ञानिक बी एवं श्री पंकज कुमार गर्ग, वरिष्ठ अनुसंधान सहायक ने तैयार किया है। मैं आशा करता हूँ कि यह शब्दकोष जलविज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिए सहायक सिद्ध होगा।

(सौभाग्यमल सेठ)

दिनांक : 26 जनवरी, 1995

निदेशक